an>

Title: Need to provide financial packages to revive Ramgarh Dam Project in Jaipur.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर): महोदय, जयपुर शहर में पेयजल आपूर्ति वर्तमान में बीसलपुर परियोजना से की जा रही है। आसपास के कस्बों में भी पेयजल की लगातार मांग बढ़ रही है। बीसलपुर परियोजना से जयपुर शहर के आस-पास के कस्बों, कालोनियों व बगरू विधानसभा क्षेत्र और विद्याधर नगर विधान सभा क्षेत्र, जो मेरे लोक संसदीय क्षेत्र में आता है, वहां पानी की समस्या है, उसको इससे जोड़ा जाए। जयपुर शहर की चार दीवारी क्षेत्र को रामगढ़ बांध से पूर्व में भी पानी सप्लाई होती थी। रामगढ़ बांध पेयजल, सिंचाई एवं पर्यटन की दृष्टि से अहम स्थान रखता था। जो आज ऊपर बने ऐनिकटों के कारण पानी की आवक बन्द होने से सूखा पड़ा है, इससे मुक्ति दिलाई जाए।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि रामगढ़ बांध परियोजना को विशेष आर्थिक पैकेज देकर चालू करवाया जाए, जिससे जयपुर की जनता को पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी एवं इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। पूर्व में भी एशियाड खेल नौका प्रतियोगिता रामगढ़ बांध में हुई थी। कृपया पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसको तुरन्त चालू करवाया जाए।